| शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी | राय ने अपनी शिक्षा संबंधी नीति व विचारों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी रखने का सुझाव दिया था। राय ने स्वयं अंग्रेजी भाषा के अध्ययन द्वारा कई यूरोपीय विद्वानों के चिंतन का अध्ययन किया। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पुनरावृत्ति :→

राजा राममोहन राय का जन्म कब हुआ ?

राजा राममोहन ने नारी उत्थान के लिए कौन से कार्य किए ?

राजा राम मोहन राय ने शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी बनाने पर विशेष बल क्यों दिया ?

## गृहकार्य :→

राजा राम मोहन राय सच्चे अर्थों में एक समाज सुधारक थे । टिप्पणी कीजिए ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## निरीक्षक टिप्पणी :→

B.B. work was good.

Rajbala
हस्ताक्षर

Lesson No : 8

Date 4/12/2010 | Duration of the period 35 मिनट
Pupil Teacher's Name Kavita | Pupil Teacher's Roll No. 509
Class 10th | Average Age of the pupils 16 वर्ष
Subject सामाजिक अध्ययन | Topic भारतीय अर्थ व्यवस्था

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

1 विद्यार्थी भारतीय अर्थ व्यवस्था की विशेषताएँ पहचानने की योग्यता रखते होंगे।

2 विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताओं का सामान्यीकरण कर सकेंगे।

4 :- विद्यार्थी अर्थ व्यवस्था के विषय मे निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

5 :- विद्यार्थी भारतीय अर्थ व्यवस्था की विशेषताएँ बताने की योग्यता रखते होंगे।

6 :- विद्यार्थी ~~भारतीय~~ अर्थ व्यवस्था का विश्लेषण कर सकेंगे।

7 :- विद्यार्थी भारतीय अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →
सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चाक, झाड़न, ~~संकेतक, चार्ट आदि~~।
विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पूर्वज्ञान परीक्षा :-

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- |
| भारत कैसा देश है ? | विकासशील देश । |
| हमारे देश में गरीबी क्यों है? | आय में कमी के कारण । |
| भारतीय अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है ? | असंतोष जनक उत्तर |

## उद्देश्य कथन :-

अच्छा बच्चो आज हम भारतीय अर्थव्यवस्था के विषय में अध्ययन करेंगे ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## प्रस्तुतीकरण :

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| भारतीय अर्थ व्यवस्था | भारतीय अर्थव्यवस्था प्राथमिक विकास शील अर्थव्यवस्था है। यद्यपि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था पिछड़ी है लेकिन अब यह गरीबी के दुश्चक्र से बाहर है। यहाँ की कुल कार्य शील जनसंख्या का लगभग 52% भाग आज कृषि में लगा हुआ है | सभी छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे |

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| | जबकि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि-क्षेत्र का योगदान 17.8% है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की विशेषताओं को निम्नलिखित बिन्दुओं में अलग-अलग प्रस्तुत किया है। | सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण | सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत है? | सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 17.8% है। |
| ग्रामीण तथा कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था | स्वतंत्रता के 60 वर्ष बाद भी भारत की 52% श्रमशक्ति कृषि क्षेत्र में लगी हुई है तथा राष्ट्रीय आय में इतना योगदान लगभग 17.8% है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था अभी भी कृषि प्रधान है। | |
| बोध परीक्षण: | भारत की कितने प्रतिशत श्रमशक्ति कृषि में लगी हुई है? | 52% |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| मिश्रित अर्थव्यवस्था :- | भारत ने अपने विकास के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया है ताकि इसका समाजवादी लक्ष्य पूरा हो सके अपने सम्पूर्ण योजनाकाल में सरकार ने लगभग 45% पूँजी सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश किया है। | बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण | भारत ने कैसी अर्थव्यवस्था को अपनाया है ? | भारत ने अपने विकास के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया है। |
| | सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र में कितने प्रतिशत पूँजी निवेश किया है ? | सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र में 45% पूँजी निवेश किया है। |
| | परन्तु उत्पादन के स्त्रोतों और साधनों पर आज भी निजी क्षेत्र का (लगभग 80%) बना हुआ है। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

छात्र क्रियाएँ

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| अल्प विकसित अर्थ व्यवस्था | भारतीय अर्थ व्यवस्था के अल्प विकसित होने की पुष्टि निम्न तथ्यों से की जा सकती है<br><br>बेरोजगारी का स्तर काफी ऊँचा है। सन २००४-२००५ में बेरोजगारी की संख्या ३४.७४ मिलियन है।<br><br>पूँजी व संसाधनों की न्यूनता है तथा सकल घरेलू बचत की दर काफी नीची है घरेलू बचत की दर ३७.७% के आस-पास रही है। | बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे |
| बोधपरीक्षण | सन २००४-०५ में बेरोजगारी की संख्या कितनी थी? | ३४.७४ मिलियन |
| | निर्धनता रेखा से नीचे की जनसंख्या आबादी का लगभग २१.७% है। विश्व बैंक की विश्व विकास सूचक शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार विश्व की १.३ अरब निर्धन जन संख्या का सर्वाधिक ३६% भाग भारत में है। इस निर्धन की आय एक डालर प्रतिदिन से भी कम है। | सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

**पुनरावृत्ति :—**

- भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कुल आबादी का लगभग कितना प्रतिशत है ?

- भारत कितने प्रतिशत कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहा है ?

- सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत है ?

**गृहकार्य :—**

- अर्थ व्यवस्था से क्या तात्पर्य है ? भारतीय अर्थ-व्यवस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

**निरीक्षक टिप्पणी :—**

Rajkala

हस्ताक्षर

Lesson No : 9

Date 6/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 9th

Average Age of the pupils 15 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic मौलिक अधिकार

## अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

1. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों को जानने की योग्यता रखते होंगे।
2. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
3. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
4. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का
5. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों की आवश्यकता बताने की योग्यता रखते होंगे।
7. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का विश्लेषण कर सकेंगे।
8. विद्यार्थी मौलिक अधिकारों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री —— श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, संकेतक, ~~चार्ट, मॉडल आदि~~।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, मॉडल, संकेतक

CIMETRIX

## पूर्वज्ञान परीक्षण :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|
| हमारा देश कब स्वतंत्र हुआ? | 15 अगस्त 1947 को। |
| अधिकार किसे कहते है? | हमारे लोगों, हमारे समाज, हमारी सरकारी से जो दावा होता है, अधिकार हैं। |
| मौलिक अधिकारों किसे कहते है? | संतोषजनक उत्तर नहीं दिया |

## उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम मौलिक अधिकार के विषय में अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS : SKILLED INDIA

## प्रस्तुतीकरण :→

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| | प्रत्येक देश के नागरिक के कुछ अधिकार होते है, इनमें से कुछ अधिकार व्यक्ति के जीवन में बहुत आवश्यक होते हैं। येन सिर्फ लोकतांत्रिक अधिकार/सरकार को चलाने के लिए बल्कि ये व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करने के लिए आवश्यक होते हैं। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे। |

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| मौलिक अधिकार: | संविधान के द्वारा जो अधिकार हमें प्राप्त है। उन्हें मौलिक अधिकार कहते हैं। भारतीय संविधान के अनुसार नागरिक को छः मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। | सभी बच्चे ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| समानता का अधिकार: | इस अधिकार के अनुसार कानून के समक्ष सभी समान हैं। कानून धर्म, जाति रंग और मत के अनुसार कोई भेद-भाव नहीं होता है सरकारी पद पर योग्यताओं के अनुसार रखा जाता है कानून सबको बराबर रक्षा करता है इस अधिकार में सब समान रूप से देखे जाते हैं। | |
| बोध परीक्षण: | मौलिक अधिकार किसे कहते हैं? | संविधान द्वारा जो अधिकार हमें प्राप्त हैं, उन्हें मौलिक अधिकार कहते हैं। |
| | संविधान के अनुसार नागरिक को कितने मौलिक प्राप्त हैं? | छः मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| स्वतंत्रता का अधिकार | इस अधिकार में व्यक्ति अपने विचार स्वतंत्रता पूर्वक व्यक्त कर सकता है। यह कोई भी संघ या संस्था बना सकता है। स्वतंत्रता से कहीं भी आ जा सकता है। भारत को किसी भी कोने में जा कर नौकरी या व्यापार कर सकता है। वह अपनी इच्छा अनुसार कोई भी व्यवसाय चुन सकता है | सभी बच ध्यान पूर्व सुनेंगे लिखेंगे |
| बोध परीक्षण | स्वतंत्रता के अधिकार में व्यक्ति क्या कर सकता है? | इस अधिक व्यक्ति भार किसी भी क भ्रमण कर स |
| शोषण के विरुद्ध अधिकार: | इस अधिकार के अन्तर्गत व्यक्ति को किसी का शोषण करने का अधिकार नहीं है। शोषण से बचने के लिए भारतीय नागरिकों को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त है। मनुष्य की खरीद पर रोक, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम करवाने पर रोक, इस प्रकार कोई भी व्यक्ति दूसरों पर जबरदस्ती कोई काम सौंप नहीं सकता। ऐसा करने से सरकार उसे दण्ड देती है। | सभी बच ध्यानपूर्व सुनेंगे व |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएं |
|---|---|---|
| धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार: | भारतीय संविधान ने सभी धर्मों के नागरिकों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना कोई भी धर्म अपनाने की स्वतंत्रता है और वह खुले दिल से उसका प्रचार या प्रसार कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के अनुसार पूजा व उपासना करने का अधिकार है। | सभी बच ध्यानपू सुनेंगे |
| बोध परीक्षण | संविधान के अनुसार हम कितनी उम्र से कम बच्चों से काम नहीं करवा सकते है ? | 14 वर्ष से आयु के कम से। |
| संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार | भारत के सभी नागरिकों के संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार दिया है। सभी नागरिकों को अपनी संस्कृति की सुरक्षा करने का पूर्ण अधिकार है। वह शिक्षा कभी ले सकता है। किसी भी उम्र में शिक्षा प्राप्त कर सकता है। | |
| बोध परीक्षण | धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में व्यक्ति क्या कर सकता है ? | व्यक्ति अपने धर्म का प्रचार व प्रसार कर सकता है। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| 6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार: | भारतीय संविधान में नागरिकों को मौलिक कर्तव्य की रक्षा करने का अधिकार दिया गया है कि वह अपने मौलिक कर्तव्य की रक्षा करने के लिए न्यायालय में जाकर अपील कर सकता है। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे |

☀ पुनरावृत्ति :→

संविधान द्वारा हमें जो अधिकार प्राप्त है, उन्हे क्या कहते हैं?
मौलिक अधिकार कितने प्रकार के होते हैं?
शोषण के विरुद्ध अधिकार में कौन-से अधिकार प्राप्त हैं?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

गृहकार्य :→

मौलिक अधिकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

☀ निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala
हस्ताक्षर

**Lesson No :** 10

Date 7/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 10th

Average Age of the pupils 16 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic भारत में कृषि के पिछड़े होने के कारण

## अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी कृषि को पहचानने की योग्यता रखते होंगे।
2. विद्यार्थी कृषि का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
3. विद्यार्थी कृषि का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
4. ~~विद्यार्थी कृषि का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।~~
5. विद्यार्थी कृषि का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6. विद्यार्थी मानव जीवन में कृषि के महत्व को बताने की योग्यता रखते होंगे।
7. विद्यार्थी कृषि का विश्लेषण कर सकेंगे।
   विद्यार्थी कृषि का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री

विशिष्ट सामग्री

8. श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, ~~चार्ट, संकेतक~~ ~~संकेतक~~।

→ चार्ट, संकेतक, मॉडल

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पूर्वज्ञान परीक्षा :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|
| भारत की अधिकतर जनसंख्या कहाँ रहती है ? | गाँव में। |
| भारत के गाँव में लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है ? | कृषि। |
| भारत में कृषि के पिछड़ेपन का क्या कारण है ? | बच्चों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। |

## उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम कृषि के पिछड़ेपन के के विषय में अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

## प्रस्तुतीकरण :→

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| प्रस्तावना : | भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसकी 72% जनसंख्या गाँव में तथा लोग गाँव में काम करते हैं। कृषि सभी उद्योगों की जननी और मानव जीवन का पोषण रही है। यह सभी विज्ञानों, कलाओं की सिर मौर सभ्यता का प्रतीक और प्रगति का सूचांक माना गया है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे |

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएं | छात्र क्रियाएं |
| --- | --- | --- |
| | हमारी भारतीय कृषि पिछड़ी हुई है जिसके निम्न कारण है:– | |
| बोध परीक्षण | भारत की कितने प्रतिशत जन-संख्या गाँव में निवास करती है? | 72% |
| लगातार खेती | लगातार खेती का अर्थ है कि एक भूमि पर बार-बार खेती करना। भारत में हजारों वर्षों से खेती हो रही है। लगातार खेती से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। | सभी छ ध्यानपूर्व सुनेगे। |
| पुरानी तकनीक | पुरानी तकनीक का अर्थ है कृषि में पुरानी विधियों का प्रयोग करना। लोग पुरानी एवं रूढ़िवादी परम्पराओं और विचारधारा के कारण कृषि की पुरानी विधियो का प्रयोग करते हैं। | |
| बोध परीक्षण | पुरानी तकनीक का क्या अर्थ है ? | कृषि में पुरानी विधियों का प्रयोग करना |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

छात्र क्रियाएँ

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| सस्ते बीजों का प्रयोग :- | किसान सस्ते बीजों का प्रयोग करते है जिससे कृषि उपज भी कम हो जाती है और फसल में बिमारी लगने की सम्भावना रहती है । | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे |
| शिक्षा की कमी | ग्रामीण क्षेत्रों में रहने के कारण अधिकतर किसान अशिक्षित होते हैं जिससे वे नई तकनीकों अच्छे किस्म के बीजों के बारे में अनभिज्ञ रहते है । | |
| बोध परीक्षण | सस्ते बीजों के प्रयोग से किसकी सम्भावना रहती है? | सस्ते बीजों के प्रयोग से फसल में बिमारी लगने की सम्भावना रहती है। |
| प्राकृतिक अभाव :- | प्राकृतिक अभाव वे होते है जो प्रकृति द्वारा होते है न कि मनुष्य द्वारा। जैसे -> कभी किसी क्षेत्र में वर्षा होती है कहीं अकाल पड़ जाता है। अकाल, बाढ, वर्षा यह सभी प्राकृतिक देन है। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| खेती का आकार छोटा :→ | भारत में खेती का आकार बहुत छोटा है जिसके कारण वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग नही पाता। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| अच्छी खादों का प्रयोग न होना | ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की स्थिति अच्छी नही होती है जिसके कारण वे उन्नत किस्म के खादों का प्रयोग नही कर पाते। | |
| सिंचाई के साधन | भारत में आज भी कृषि क्षेत्र का बहुत बड़ा भाग वर्षा पर आधारित है वर्षा के समय पर न आने से फसल खराब हो जाती है जिससे कृषि कम हो जाती है। | |
| बीज परीक्षण | किसान कैसे बीजों का प्रयोग करता है? | सस्ते बीजों का |
| | किसान कैसी विधियों का प्रयोग करता है? | पुरानी विधि का। |
| बंजर भूमि :→ | भारत के बहुत बड़े भाग की भूमि बंजर पड़ी हुई है जिसके कारण उस पर खेती करना संभव नहीं है। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :→

कृषि कार्यों में कितने प्रतिशत जनसंख्या कार्यरत है?

कृषि में पिछड़ेपन के कोई तीन कारण बताइए।

सिंचाई के साधन कृषि को कैसे प्रभावित करते है?

गृहकार्य :→ सभी बच्चे भारत में कृषि के पिछड़ेपन के कारणों का विस्तार से वर्णन करे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

निरीक्षक टिप्पणी :→

Chart was used.
Presentation was good.

Rajkala
हस्ताक्षर

Lesson No : 11

Date 8/12/10

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 9th

Average Age of the pupils 15 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic संसद

## अनदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी संसद के विषय में जानते होंगें।
2. विद्यार्थी ससंद का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होगें।
3. ~~विद्यार्थी संसद के अर्थ को बताने की योग्यता रखते होंगें।~~
4. विद्यार्थी ससंद और नागरिको के संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।
5. विद्यार्थी संसद का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6. विद्यार्थी ससंद के गठन का कारण बताने की योग्यता रखते होंगें।
7. विद्यार्थी ससंद का विश्लेषण कर सकेंगें। विद्यार्थी संसद का मूल्यांकन कर सकेंगें।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट, संकेतक, मॉडल~~।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकेतक, मॉडल

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पूर्वज्ञान परीक्षा :->

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|
| राज्य स्तर पर कानून बनाने वाली संस्था को क्या कहते है ? | विधान पालिका । |
| विधान पालिका के कितने सदन होते है ? | दो सदन । |
| पूरे देश का कानून बनाने वाली संस्था कौन सी है । | बच्चों ने सही उत्तर नही दिया |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS, SKILLED INDIA

उद्देश्य कथन :->

अच्छा बच्चों आज हम संसद के विषय में विस्तारपूर्वक वर्णन करेंगे ।

प्रस्तुतीकरण :->

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | ~~छात्र क्रियाएँ~~ छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| | | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेगे व लिखेंगे |

छात्र क्रियाएँ

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र ~~क्रियाएँ~~ |
|---|---|---|
| संसद :→ | बच्चो जिस प्रकार राज्य में कानून बनाने के लिए विधान पालिका होती है। उसी प्रकार केन्द्रीय स्तर पर कानून बनाने के लिए संसद होती है 'इसे पार्लियामेंट भी कहते है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे। |
| संसद के सदन | संसद के दो सदन होते हैं। लोकसभा और राज्यसभा लोकसभा को निम्न सदन कहते है और राज्यसभा को उच्च सदन कहते है। | |
| बोध परीक्षण: | संसद के कितने सदन होते है? | दो सदन |
| लोकसभा की रचना :→ | बच्चो लोकसभा में अधिकतम 550 सदस्य चुने जाते है। इसमें 20 सदस्य अधिक से अधिक शासित लोगो से हो सकते है।<br>राष्ट्रपति एंग्लो-इण्डियन समुदाय के दो सदस्यों को जो चुनाव मे प्रतिनिधित्व न मिला हो तो मनोनीत कर सकता है और लोकसभा का कार्यकाल 5 वर्ष होता है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| लोकसभा सदस्यों की योग्यताएं :→ | लोकसभा का सदस्य बनने के लिए व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए। उसकी आयु 25 वर्ष से कम न हो। इस में एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष होता है। दोनों का चुनाव संसद अपने ही सदस्यों में से करता है। | सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण : | राष्ट्रपति एंग्लो-इण्डियन के कितने सदस्यों को मनोनीत कर सकता है? | दो सदस्यों को। |
| राज्य सभा की रचना :→ | राज्य सभा में 250 सदस्य होते है। इसमें 238 राज्यों तथा संघ क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते है। अन्य 12 सदस्यो को राष्ट्रपति मनोनीत करता है जो सदस्य साहित्य, कला, संगीत आदि के क्षेत्र में विशेष ख्याति रखते है। राज्य सभा का सदस्य बनने के लिए भारत का नागरिक होना आवश्यक है। | सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे। |
| बोध परीक्षण : | राज्य सभा के सदस्यों की संख्या कितनी होती है? | 250 |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| | राज्य सभा के सदस्य बनने के लिए आयु 30 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। राज्य सभा एक स्थाई सदन है। इसके एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष में रिटायर होते हैं। राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल छः वर्ष का होता है | छात्र ध्यान पूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे |
| बोध परीक्षण | लोक सभा का कार्य काल कितना होता है? | 5 वर्ष |
| राज्यसभा सदस्यों की योग्यताएँ : | राज्य सभा का एक सभापति और एक उपसभापति होता है। भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है और उपसभापति का चुनाव अपने ही सदस्यों के सदन द्वारा किया जाता है | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे। |
| कानून निर्माण प्रक्रिया :→ | लोकसभा राज्य सभा का प्रमुख कार्य है- देश के लिए कानून बनाना। कानून बनाने के लिए एक प्रस्ताव को विधेयक के रूप में किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है। विधेयक दो प्रकार का होता है- साधारण विधेयक। वित्त विधेयक। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS, SKILLED INDIA

## पुनरावृत्ति :→

- संसद किससे मिलकर बनती है ?
- केन्द्र में कानून बनाने वाली संस्था को क्या कहते हैं ?
- साधारण विधेयक और वित्त विधेयक में क्या अन्तर है.

## गृहकार्य :→

- संसद क्या है ? इसका विस्तारपूर्वक वर्णन करें तथा विषय से संबंधित चार्ट भी बनायें।

## निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala
हस्ताक्षर

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Lesson No : 12

Date 9/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 7th

Average Age of the pupils 13 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic मिट्टी

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी मिट्टी के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।
2. विद्यार्थी मिट्टी का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।
3. विद्यार्थी मिट्टी के विभिन्न प्रकारों का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।
4. विद्यार्थी मिट्टी और कृषि मे संबंध बताने की योग्यता रखते होंगे।
5. विद्यार्थी मिट्टी से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।
6. विद्यार्थी मिट्टी की उपयोगिता को जानकर उसे अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।
7. विद्यार्थी मिट्टी का विश्लेषण कर सकेंगे।
विद्यार्थी मिट्टी का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री — चाक, श्यामपट्ट, झाड़न, चार्ट, ~~संकेतक~~, ~~मॉडल~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, मॉडल,

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पूर्वज्ञान परीक्षा :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- |
| पेड़-पौधों की वृद्धि में कौन-सा तत्व सहायक होता है ? | ह्यूमस |
| पेड़-पौधों की उर्वरता किस पर निर्भर करती है ? | मिट्टी की उर्वरता पर। |
| मिट्टी किसे कहते है ? | असंतोषजनक उत्तर |

## उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम मिट्टी के विषय में विस्तार से अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## प्रस्तुतीकरण :→

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| भूमिका : | भारत एक विशाल देश है। यहाँ के ऊँचावच-पर्वत, पठार व मैदानों में बहुत विविधता पाई जाती है। भारत का क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग K.M है। देश का 43% भाग मैदानी है जो हमें फसलों को उगाने के लिए सुअवसर प्रदान करता है। देश का लगभग 30% भाग पर्वतीय है। पर्वत हमें प्राकृतिक संसाधनों के रूप में वन और वन्य जीवन प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे और फसलें मिट्टी की उर्वरता पर निर्भर करते हैं। | छात्र ध्यान-पूर्वक सुनेंगे |

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| मिट्टी : | पृथ्वी की भू-पर्पटी की सबसे ऊपरी परत जो महीन शैलचूर्ण से बनी है और पेड़-पौधों के उगने में सहायक है, मृदा कहलाती है। इसमें ह्यूमस नामक तत्व होता है जो पेड़-पौधों की वृद्धि में सहायक है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे। |
| बोध परीक्षण | भारत का क्षेत्रफल कितना है? | ३२·८ वर्ग |
| मिट्टी के प्रकार | मिट्टी मुख्यतः ६ प्रकार की होती है।<br>जलोढ़ मिट्टी<br>काली मिट्टी<br>लाल मिट्टी<br>लैटराइट मिट्टी<br>पर्वतीय मिट्टी<br>मरुस्थलीय मिट्टी | |
| जलोढ़ मिट्टी | दोमट मिट्टी भी कहते हैं। यह मिट्टी नदियों द्वारा लाकर नदी-घाटियों, मैदानों तथा डेल्टाई प्रदेशों में बिछाई जाती है। इस मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा वनस्पति के अंशों की कमी होती है फिर भी यह बड़ी उपजाऊ है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व याद करेंगे। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| काली मिट्टी | इसे रेगड़ मिट्टी भी कहते है। इस मिट्टी का निर्माण ज्वालामुखी विस्फोट से हुआ है जिससे इसमें कई प्रकार के खनिज विद्यमान है। इसमें लोहा, मैग्नीशियम, चूना तथा एल्यूमिनियम तत्व पाए जाते है। | |
| बोध परीक्षण | काली मिट्टी का अन्य नाम बताओ। | रेगड़ मिट्टी |
| लाल मिट्टी | इस प्रकार की मिट्टी मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र से दक्षिण तक पाई जाती है। लाल मिट्टी का निर्माण रवेदार तथा रूपान्तरित चट्टानों के अपक्षय एवं अपरदन सामग्री से प्राप्त हुआ है। | |
| लैटराइट मिट्टी | यह मिट्टी ईंटिया लाल रंग की होती है। इसका निर्माण मानसून जलवायु की विशिष्ट परिस्थितियों में होता है। कुछ भागों में यह मिट्टी कंकरीली एवं छिद्रयुक्त होती है। कृषि के लिए यह अधिक उपयोगी नहीं है परंतु इसमें घास तथा झाड़ियाँ खूब उगती है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक लिखेंगे। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| पर्वतीय मिट्टी | यह मिट्टी हिमालय के पर्वतीय भागों में पाई जाती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल सिक्किम तथा अरुणाचल प्रदेश में इन मिट्टियों का विस्तार मिलता है। अधिकांश पर्वतीय मिट्टी टरशियरी युग की चट्टानों का का अपक्षय होने से बनी है। इस मिट्टी में जैविक अंशों की प्रधानता पाई जाती है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व लिखेंगे। |
| मरुस्थलीय मिट्टी | इस प्रकार की मिट्टी में रेत की मात्रा अधिक तथा ह्यूमस की मात्रा कम पाई जाती है। इसलिए यह अधिक उपजाऊ नहीं होती। इस प्रकार की मिट्टी राजस्थान दक्षिणी पश्चिमी पंजाब, दक्षिणी पश्चिमी हरियाणा में पाई जाती है। जहाँ वर्षा कम होती है। जहाँ बालू के स्तूप बने रहते है। इसमें खनिज, नमक अधिक मात्रा में पाए जाते हैं परन्तु ये शीघ्र घुल जाते है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| | किस प्रकार की मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा कम पाई जाती है? | मरुस्थलीय मिट्टी में |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पुनरावृत्ति :→

भारत का क्षेत्रफल कितना है?

कपास की फसल के लिए कौन-सी मिट्टी उपयोगी है?

जलोढ मिट्टी कैसे क्षेत्रों में पाई जाती है?

## गृहकार्य :→

मिट्टी किसे कहते हैं और यह कितने प्रकार की होती है। इसे विस्तार सहित याद करना है।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala

हस्ताक्षर

## Lesson No : 13

Date 10/12/2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 7th

Average Age of the pupils 12 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic वनों के लाभ

## अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी वनों के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी वनों के लाभ का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी वनों के विषय में उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 ~~विद्यार्थी वनों के लाभ~~

5 विद्यार्थी वनों के लाभ का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी वनों के लाभ को जानकर उसे अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

7 विद्यार्थी वनों के लाभ का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी वनों के लाभ का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री →

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट, मॉडल, संकलन~~ आदि।

विशिष्ट सामग्री → चार्ट, संकलन, मॉडल

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पूर्वज्ञान परीक्षा :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- |
| हमारी मूलभूत आवश्यकताएँ कौन सी है ? | जल, वायु, भोजन । |
| हमें आक्सीजन कहाँ से प्राप्त होती है ? | वृक्षों से । |
| वनों के विभिन्न लाभ बताओ । | असंतोषजनक उत्तर । |

## उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों आज हम वनों के लाभ के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

## प्रस्तुतीकरण :→

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| | किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था में वनों का बहुत योगदान है । वनो से देश की जलवायु, भूमि की बनावट, जनसंख्या के घनत्व आदि पर वनो का बहुत प्रभाव पड़ता है । प्राचीन समय में ग्रन्थों में भी वनों के महत्व के बारे में पता लगता है । पहले मनुष्य वृक्षों की पूजा करते थे । | सभी छात्र मौन बैठेगे । |

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| | वनों के कारण ही वर्षा होती है। जब जल से भरी हवा वनों के ऊपर से गुजरती है, तो ठण्डी होकर खूब वर्षा करती है क्योंकि वनों के आस-पास का वातावरण आर्द्र तथा ठंडा होता है। देश के जिन भागों में वनों को काट दिया जाता है, वहाँ वर्षा कम होने लगती है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| | वनों से हमें जड़ी-बूटियाँ तथा दवाईयाँ भी मिलती हैं जैसे नीम, कीकर, बरगद, पीपल, इनसे हमें दवाईयाँ तथा जड़ी बूटियाँ मिलती है। | |
| | दवाईया पत्तियों से खाद तैयार होती है। वृक्षों की पत्तियाँ भूमि पर गिरकर सूखने के बाद खाद का काम करती है जिससे भूमि उपजाऊ बनती है। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| | वन मरुस्थल को आगे बढ़ने से रोकते हैं, क्योंकि वृक्षों के कारण रेत उड़ नहीं पाती। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| | वन देश की सुरक्षा का भी काम करते हैं। दूसरे देश के शत्रु इन वनों को आसानी से लांघ कर हमारे देश पर हमला नहीं कर सकते। भारत के उत्तर मे हिमालय पर्वत और उसके घने जंगल देश की प्राकृतिक सुरक्षा का काम करते हैं। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण | पत्तियाँ सूखकर किस रूप में तैयार हो जाती है? | खाद के रूप में। |
| | वनों से हमें उद्योगों के लिए कच्चा माल प्राप्त होता है। रबड़ दियासलाई बनाने के लिए लकड़ी, कई प्रकार के तेल, फर्नीचर, पेटियां तथा कपास आदि सभी कच्चे हैं जिससे उद्योगों मे विभिन्न वस्तुएं बनती हैं। | |
| | वृक्षों के पत्ते गर्म वायु की गर्मी तथा ठण्डी वायु को ठंडक सोख लेते हैं जिससे तापक्रम सम बनता है। | |
| बोध परीक्षण | वनों से हमें कौन-कौन से फल मिलते हैं? | आम, अमरूद, केला, अनानास, पपीता, लीची। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| | प्राचीन समय में मनुष्य पर ही पूरी तरह निर्भर था। वह कंद-मूल खाकर ही अपना पेट भरता था। ऋषि-मुनि फल खाकर ही अपना जीवन गुजारते थे।<br><br>वनों से हमें शुद्ध वायु मिलती है। वृक्ष आक्सीजन छोड़ते है तथा कार्बन-डाई-आक्साइड ग्रहण करते है जो कि सभी जीव-जन्तुओं तथा मानव के लिए बहुत आवश्यक है। अगर वृक्ष ही ना रहेंगे तो तो हमारा जीवन नष्ट हो जाएगा। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| बोधपरीक्षण | वन हमें कौन सी गैसे प्रदान करते हैं? | आॅक्सीजन गैस। |
| | वन वायु-प्रदूषण को कम करते है। वृक्ष वाहनों से निकलने वाली हानिकारक गैसो को ग्रहण कर लेते है तथा शुद्ध वायु प्रदान करते है इसलिए हमें सड़कों के किनारे ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिए। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

**पुनरावृत्ति :→**

वन वर्षा लाने में कैसे सहायक हैं ?

वन देश की सुरक्षा कैसे करते हैं ?

वनों से उद्योगों के लिए हमें कौन-२ सा कच्चा माल प्राप्त होता है।

**गृहकार्य :→**

वन हमारे सहायक हैं कैसे ? टिप्पणी कीजिए।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

**निरीक्षक टिप्पणी :→**

Chart was used.

हस्ताक्षर

Rajbala

Lesson No : 14

Date: 11/12/2010

Duration of the period: 35 मिनट

Pupil Teacher's Name: Kavita

Pupil Teacher's Roll No.: 509

Class: 6th

Average Age of the pupils: 12 वर्ष

Subject: सामाजिक अध्ययन

Topic: आदि मानव

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1. विद्यार्थी आदि मानव की सामान्य जानकारी रखते होगें।

2. विद्यार्थी आदि मानव का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होगें।

3. विद्यार्थी आदि मानव का उदाहरण देने की योग्यता रखते होगें।

4. विद्यार्थी आदि मानव का सामान्यीकरण करने की योग्यता रखते होगें।

5. विद्यार्थी आदि मानव के जीवन से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होगें।

6. विद्यार्थी आदि मानव के जंगलो में रहने के कारण बताने की योग्यता रखते होगें।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

सहायक सामग्री :→
सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चाक, डस्टर, ~~[illegible]~~
विशिष्ट सामग्री चार्ट, मॉडल आदि।

पूर्वज्ञान परीक्षा :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|
| आरम्भ मे मानव कहाँ रहता था | गुफाओं मे। |
| आदि मानव का भोजन कैसा था? | आदि मानव कन्द, मूल, फल फूल और पशु पक्षिओं का मांस खाकर अपना पेट भरता था। |
| आदि मानव का जीवन कैसा था? | असंतोषजनक उत्तर। |

उद्देश्य कथन :→
अच्छा बच्चों आज हम आदि मानव के विषय मे विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :→

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | ~~छात्र क्रियाएं~~ छात्र क्रियाएं |
| --- | --- | --- |
| आदि मानव | आदि मानव का जीवन बड़ा कठोर था। वह झोपड़ी या कच्चे मकान बनाकर नहीं रहता था वह पहाड़ों की गुफाओं में रहता था। वह पहाड़ों में ही अपना जीवन व्यतीत करता था उसे खेती का ज्ञान नहीं था। वह अपनी भूख पशु-पक्षियों के मांस और कन्द-मूल फल खाकर मिटाता था और शरीर को ढकने के लिए जानवरों की खाल और पत्तों का प्रयोग करता था क्योंकि उसे कपड़ा बुनने का ज्ञान नहीं था | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे |
| बोध परीक्षण | आदि मानव कहाँ रहता था? | गुफाओं में |
| हथियारों का प्रयोग | आदि मानव को आग नहीं था इसलिए वह अपने भोजन को बिना पकाए ही खा जाता था। आदि मानव जानवर के भय से झुण्ड बनाकर रहते थे तथा भोजन के लिए पशुओं का शिकार करने के लिए पत्थर के हथियारों का प्रयोग करते थे। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
| --- | --- | --- |
| आग की खोज :→ | पत्थरों के हथियारों का प्रयोग करने के कारण उस युग को पाषण युग कहा जाता था। पत्थर को आपस में रगड़ने से आग का ज्ञान प्राप्त हुआ। आग से जंगली जानवर दूर भागते थे और आग से माँस को भूना जाने लगा। अतः आग से आदि मानव अपना भोजन पका कर खाने लगा। | सभी छात्र उत्साह पूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण | आदि मानव को आग का ज्ञान कैसे हुआ? | पत्थरों को आपस में रगड़ने से आग का ज्ञान प्राप्त हुआ |
| खेती का ज्ञान | आज से दस हजार वर्ष पहले लोगों को खेती का ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्होंने देखा कि जमीन पर पड़े बीज पानी पाकर अंकुरित हो रहे है। उन्होंने उस बीज को औजारों से जमीन में खोद कर दबाना शुरू कर दिया। इस प्रकार आदि मानव एक जगह पर रहने लगा। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएं |
| --- | --- | --- |
| जानवर : | धीरे-धीरे आदि मानव को पशुओं का ज्ञान हुआ। अब उसने गाय, भैंस, बकरी, भेड़, कुत्ता आदि को पालना शुरू कर दिया जिससे मनुष्य को मांस, दूध, खाल आदि प्राप्त होने लगी और बैल उसके खेती करने के काम आने लगा। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण | आदि मानव एक स्थान पर कब रहने लगा। | जब उसे कृषि का ज्ञान हुआ |
| चक्र की खोज :→ | आदि मानव ने अग्नि तथा खेती करने के बाद उसने धीरे धीरे एक चक्र की भी खोज कर ली जिससे इनका जीवन प्रभावित होने लगा। पहले उनको एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए पैदल जाना पड़ता था। फिर चक्र की सहायता से आदि मानव ने दो पाहिया बनाना सीख लिया। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :→

आदि मानव का जीवन कैसा था ?

आदि मानव अपनी भूख कैसे मिटाता था ?

आदि मानव ने आग की खोज कैसे की ?

गृहकार्य :→

आदि मानव का जीवन कैसा था और उसने अपने जीवन में क्या सुधार किए विस्तार पूर्वक लिखें।

निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala

हस्ताक्षर

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Lesson No :...15...........

Date 13-12-2010 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 10th Average Age of the pupils 16 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन Topic बैंको के लाभ

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी बैंको के विषय में सामान्य जानकारी रखते होंगे।

2 विद्यार्थी बैंको का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 विद्यार्थी बैंको के लाभ से संबंधित उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

4 विद्यार्थी बैंको के लाभो का सामान्यीकरण करने की योग्यता रखते होंगे।

5 विद्यार्थी बैंको के लाभ से निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी बैंको के लाभों को जानकर उसे अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे।

7 विद्यार्थी बैंको के लाभ का विश्लेषण कर सकेंगे।

8 विद्यार्थी बैंको के लाभ का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, ~~चार्ट, संकेतक~~ मॉडल आदि।

सामान्य सामग्री

विशेष सामग्री → मॉडल, चार्ट, संकेतक

CIMETRIX SKILLED INDIA AND SKILLED INDIA

## पूर्वज्ञान परीक्षण :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|
| किसान क्रैडिट कार्ड से आप क्या समझते है? | किसान इसमें किसान क्रैडिट कार्ड से बैंकों से लोन लेते हैं। |
| उद्योगों के लिए लोन कहाँ से प्राप्त होता है? | बैंको से |
| बैंको के लाभ से आप क्या समझते है? | असंतोषजनक उत्तर। |

## उद्देश्य कथन :→

अध्यापिका [illegible] बैंको के लाभ के विषय में विस्तारपूर्वक वर्णन करेगी।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

## प्रस्तुतीकरण :→

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| भूमिका : | प्रत्येक देश के आर्थिक विकास मे बैंको का महत्व है। देश के उत्पादन व्यापार तथा उद्योग धन्धों का मुख्य केन्द्र बैंक ही है। बैंक निम्नलिखित तरीको से विकास मे सहायक होते है। | सभी छात्र मौन बैठेंगे। |

छात्र क्रियाएँ

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| बैंको के लाभ :→ | प्रत्येक देश के आर्थिक विकास मे बैंको का बहुत अधिक महत्व है। देश के उत्पादन, व्यापार तथा उद्योग धन्धों का मुख्य केन्द्र बैंक ही है। बैंक निम्नलिखित तरीकों से आर्थिक विकास मे सहायक होते है। व्यापार तथा उद्योगो के लिए वित्त बैंको व्यापारियों व उद्योगपतियों को आवश्यक वित्त प्रदान करते है। बैंक उन्हें कम ब्याज एवं उचित समय पर देते है। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेगे। |
| बोध परीक्षण | बैंक किसका केन्द्र होता है? | उत्पादन, व्यापार तथा उद्योग धन्धों का |
| पूंजी निर्माण को बढ़ावा | बैंक पूंजी निर्माण को बढ़ावा देने में सहायक है। बैंक लोगों की बचतों को जमा करके उन्हें निवेशकर्ताओं को उधार देते है। | |
| बोध परीक्षण | व्यापारियों व उद्योगपतियों को कौन ऋण देते है? | बैंक |
CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएं | छात्र क्रियाएं |
|---|---|---|
| मुद्रा का स्थानांतरण | प्रत्येक अर्थ-व्यवस्था में मुद्रा को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना पड़ता है। बैंक सुगमता से मुद्रा का हस्तांतरण कर सकते है। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| एजेंसी कार्य : → | बैंक अपने ग्राहकों के एजेंट का कार्य भी करता है। ग्राहकों के लिए किराया खरीदता है। तथा बीमे की किश्ते इत्यादि से ऋण देता है। | |
| बोध परीक्षण | बैंक अपने ग्राहकों के लिए किसका एजेंट का। कार्य करता है? | |
| अन्य कार्य | मुद्रा प्रणाली में लोग बैंकिंग आदत को प्रोत्साहन विदेशी विनिमय की व्यवस्था करता है। | |
| आर्थिक विकास में योगदान | बैंको का आर्थिक विकास में निम्नलिखित योगदान है: –<br>बैंक निष्क्रिय जमाओं को स्वीकार करते है। | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रिया | छात्र क्रियाएं |
|---|---|---|
| पूंजी निर्माण | पूंजी निर्माण करते है। पूंजी निर्माण के फल-स्वरूप आर्थिक विकास की दर तीव्र होती है। | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| रोजगार :→ | बेरोजगार युवा वर्ग इन बैंकों से उचित ब्याज की दर पर पर्याप्त मात्रा में साख प्राप्त करके स्वरोजगार की व्यवस्था करते हैं। | |
| बोध परीक्षण | बैंक सुगमता से किसको मुद्रा का हस्तांतरण कर सकते है? | |
| नव-प्रवर्तन को प्रोत्साहन | बैंक उद्यमियों को साख प्रदान करके नव प्रवर्तन को प्रोत्साहित करते है। | |
| मांग वृद्धि में सहायक | अल्प विकसित देशों में लोगों की आय कम होती है। उनकी उपभोक्ता मांग कम होती है। बैंक अपने ग्राहकों को उपभोक्ता वस्तुओं को खरीदने के लिए साख उपलब्ध करता है | छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पुनरावृत्ति :→

देश के उत्पादन में किसका योगदान महत्वपूर्ण है ?

बैंक पूंजी निर्माण में सहायक है।

बैंकों के लाभों का वर्णन कीजिए ।

## गृहकार्य :→

सभी बच्चे बैंकों के लाभ तथा आर्थिक [illegible] में बैंकों का योगदान के विषय में विस्तार [illegible] लिखेंगे ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## निरीक्षक टिप्पणी :→

Rajkala
हस्ताक्षर

Lesson No :- 16

Date 14-12-2010

Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name Kavita

Pupil Teacher's Roll No. 509

Class 6th

Average Age of the pupils 12 वर्ष

Subject सामाजिक अध्ययन

Topic मानचित्र

## अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

1 विद्यार्थी मानचित्र को पहचानने की योग्यता रखते होंगे।

2 विद्यार्थी मानचित्र का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते होंगे।

3 ~~विद्यार्थी मानचित्र एवं ग्लोब में अन्तर बताने की योग्यता रखते होंगे।~~

4 विद्यार्थी मानचित्र का अर्थ बताने की योग्यता रखते होंगे।

5 विद्यार्थी मानचित्र का उदाहरण देने की योग्यता रखते होंगे।

6 विद्यार्थी मानचित्र का महत्व बताने की योग्यता रखते होंगे।

7 विद्यार्थी मानचित्र का विश्लेषण कर सकेंगे। विद्यार्थी मानचित्र से संबंधित जानकारी का मूल्यांकन कर सकेंगे।

सहायक सामग्री

सामान्य सामग्री → श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, ~~संकेतक, चार्ट मॉडल आदि।~~

विशिष्ट सामग्री → मॉडल, संकेतक, चार्ट

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

## पूर्वज्ञान परीक्षण :→

| छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|
| भारत कहाँ स्थित है ? | एशिया के उत्तरी गोलार्ध में |
| हम विश्व के विभिन्न देशों की स्थिति का ज्ञान कैसे हासिल करते है ? | ग्लोब और मानचित्र द्वारा |
| मानचित्र किसे कहते है ? | बच्चों ने असंतोषजनक उत्तर दिया । |

## उद्देश्य कथन :→

अच्छा बच्चों, आज हम मानचित्र और प्रकारों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।

## प्रस्तुतीकरण :→

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| मान चित्र की परिभाषा | पृथ्वी के धरातल या उसके किसी एक भाग का चपटे तल पर मापक के अनुसार बनाया गया रेखाचित्र मानचित्र कहलाता है । मानचित्र का प्रयोग ग्लोब की तुलना में अधिक सुविधाजनक है । विभिन्न लक्षणों को दर्शाने के लिए भिन्न-२ मानचित्रों का प्रयोग किया जा सकता है । | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे । |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषय वस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| ग्लोब :→ | पृथ्वी के प्रतिरूप को ग्लोब कहते हैं। यह पृथ्वी की तरह गोल होता है। हम एक बार में आधे ग्लोब को देख सकते हैं। ग्लोब पर पृथ्वी को दो रंगों में दिखाया गया है → नीला और सफेद रंग। नीला रंग पानी वाले भाग को तथा सफेद भाग भूमि अर्थात स्थल वाले भाग को दर्शाते हैं। | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे। |
| बोध परीक्षण | सबसे पहला मानचित्र कब बनाया गया? | 2300 ई०पूर्व में |
| मानचित्र के तीन स्तंभ | मानचित्र के तीन स्तम्भ निम्न प्रकार से हैं:—<br>दूरी<br>दिशा<br>चिह्न | सभी छात्र ध्यानपूर्वक सुनेंगे व अपनी कॉपी में लिखेंगे। |
| मानचित्र के प्रकार : | मानचित्र के मुख्य रूप से पाँच प्रकार होते हैं:—<br>छोटे पैमाने के मानचित्र<br>बड़े पैमाने के मानचित्र<br>भौतिक मानचित्र<br>वितरण मानचित्र<br>विषयक मानचित्र | |

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

| विषयवस्तु | छात्राध्यापिका क्रियाएँ | छात्र क्रियाएँ |
|---|---|---|
| छोटे पैमाने के मानचित्र | जब एक बड़े क्षेत्र के मानचित्र को छोटे मानचित्र को छोटे मानचित्र पर दर्शाते है उसे छोटे पैमाने के मानचित्र कहते हैं जैसे :- भारत का मानचित्र। | सभी बच्चे ध्यान पूर्वक सुनेंगे। |
| बड़े पैमाने के मानचित्र | जब एक छोटे क्षेत्र के मानचित्र को बड़े मानचित्र पर दर्शाते हैं। उसे बड़े पैमाने का मानचित्र कहते हैं जैसे दिल्ली के एक भाग को मानचित्र पर दर्शाना | |
| बोध परीक्षण | मानचित्र के तीन स्तम्भ कौन से है ? | 1. दूरी<br>2. दिशा<br>3. चिह्न |
| भौतिक मानचित्र : | यह वह मानचित्र होता है जो धरातल की विभिन्न स्थलाकृतियों को जैसे मैदानों, खेतों, नदियों, पर्वत को दर्शाने वाला मानचित्र। | |
